UNESCO का सिटी ऑफ लिटरेचर, कोझिकोड

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स](#)

हाल ही में UNESCO ने यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN) के अंतर्गत **कोझिकोड** को **साहित्य की नगरी** यानी **सिटी ऑफ लिटरेचर** के रूप में मान्यता दी।

UNESCO क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क क्या है?

- **परिचय:**
  - **UNESCO क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN)** की स्थापना वर्ष 2004 में की गई थी।
  - इस नेटवर्क में शहरों को शामिल करने हेतु सात रचनात्मक क्षेत्रों जैसे, **शिल्प और लोक कला, डिज़ाइन, फिल्म, पाक-कला (गैस्ट्रोनॉमी), साहित्य, मीडिया कला और संगीत** को कवर किया जाता है।
  - नेटवर्क शहरों के महापौरों और अन्य हितधारकों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाता है जो समग्र विश्व के **क्रिएटिव शहरों के पारस्परिक संबंधों को सुदृढ़ करने** का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।
  - वर्ष 2024 में यह वार्षिक सम्मेलन जुलाई माह में **पुर्तगाल के ब्रागा** में आयोजित किया जाएगा।
- **उद्देश्य:**
  - वर्ष 2024 में इस नेटवर्क में वे **350** शहर शामिल हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर **रचनात्मकता और सांस्कृतिक उद्योगों** को अपनी विकास योजनाओं के केंद्र में प्राथमिकता देना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रूप से सहयोग करना है।
  - **UNESCO क्रिएटिव सिटीज़** का लक्ष्य शहरी स्तर के समुदायों को लाभ पहुँचाने के लिये अभिनव चिंतन और कार्रवाई के माध्यम से सतत् विकास लक्ष्य **11** को प्राप्त करना है।
- **महत्त्व:**
  - **UNESCO क्रिएटिव सिटीज़ सर्वोत्तम प्रथाओं** का आदान-प्रदान करके और **सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों** के साथ-साथ नागरिक समाज के साथ गठबंधन बनाकर **सांस्कृतिक गतिविधियों** के विकास, उत्पादन और प्रसार को सुदृढ़ करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

UCCN में भारत के कौन-से शहर शामिल हैं?

- **कोझिकोड:**
  - **कोझिकोड** में केरल की साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत की कई प्रमुख हस्तियाँ, प्रमुख **मीडिया हाउस, अनेक पुस्तकालय (500 से अधिक)** विद्यमान हैं और गत कुछ वर्षों में यहाँ कई फिल्में बनी हैं तथा रंगमंच के कई पेशेवरों ने अपनी पहचान बनाई है।
  - **पहले मलयालम उपन्यास, कुंदलता (Kundalatha)** की रचना वर्ष **1887** में कोझिकोड में **अप्पू नेदुंगडी** द्वारा की गई थी।
  - यहाँ के **कवियों, विद्वानों और प्रकाशकों** के साथ-साथ **एस.के.पोट्टेक्कट, थिकोडियन और पी. वलसाला संजयन** जैसे कई प्रसिद्ध लेखकों ने **मलयालम साहित्य और** इसकी **सांस्कृतिक विविधता** और जीवंतता में योगदान दिया है।
- **UCCN में शामिल भारत के अन्य शहर:**
  - **जयपुर:** शिल्प एवं लोक कला (2015),
  - **वाराणसी:** क्रिएटिव सिटी ऑफ म्यूज़िक (2015),
  - **चेन्नई:** क्रिएटिव सिटी ऑफ म्यूज़िक (2017),
  - **मुंबई:** फिल्म (2019),
  - **हैदराबाद:** पाक-कला (2019), और
  - **श्रीनगर:** शिल्प एवं लोक कला (2021)

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. हाल ही में निम्नलिखित में से किसकी पांडुलिपियों को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में सम्मिलित किया गया है? (2008)

(a) अभिधम्म पिटक
(b) महाभारत
(c) रामायण
(d) ऋग्वेद

उत्तर: (d)

प्रश्न. भारत के सभी बायोस्फीयर रिज़र्व में से चार को यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड नेटवर्क के रूप में मान्यता दी गई है। निम्नलिखित में से कौन-सा उनमें से एक नहीं है? (2008)

(a) मन्नार की खाड़ी
(b) कंचनजंगा
(c) नंदा देवी
(d) सुंदरबन

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kozhikode,-unesco-s-city-of-literature